an>

Title: Regarding incident of fire at Itarsi railway route relay interlocking on West Central Railways in Madhya Pradesh .

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक) : अध्यक्ष महोदया, 17 जून, 2015 को पश्चिम-मध्य रेलवे इटारसी रेवले रूट पर रिले इंटरलिंक्किंग में आग लगने के कारण साउथ से नॉर्थ जाने वाली जो ट्रेनें थी, वे रद्द हो गई थीं, जिसके कारण काफी यात्रियों को परेशानी हुई। आज भी 90औ तो ठीक हो गया है, लेकिन 10औ अभी भी उनका काम चल रहा है। इसके कारण जो नागपुर से जो ट्रेनें चलती थी, उनके कारण रोज 25-30 ट्रेनें रद्द होती थीं, और काफी बेरोज़गार युवा लोग थे, जिनको नौकरियों के इंटरव्यू देने के लिए भोपाल, ग्वालियर, झांसी और दिल्ली आना पड़ता था, उनका उसमें काफी नुकसान हुआ है। ऐसी जो दुर्घटनाएं होती हैं, उसमें सरकार का भी काफी नुकसान होता है। दो महीने काफी ट्रेनें रद्द हुई, इसके लिए कोई न कोई अधिकारी तो जिम्मेदार होगा। सरकार को उसे पनिशमेंट देना चाहिए। लेकिन मेरी मुख्य मांग यह है कि हमारे बेराज़गार नौजवानों का जो नुकसान हआ है, जिसमें सरकारी कंपनियां हैं, मेरे लोक सभा क्षेत्र के लगभग साढ़े तीन सौ बेरोज़गार युवाओं का और नागुपर लोक सभा के लगभग साढ़े छह सौ युवा बेराज़गारों को वहां न पहुंचने के कारण उनका इंटरव्यू दोबारा नहीं लिया जा रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि सरकार को विभागों को आदेश देना चाहिए कि उस पर निर्णय लिया जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री अरविंद सावंत और श्री राहुल शेवाले को श्री कृपाल बालाजी तुमाने द्वारा उठाए गए विÂ◌ाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।